प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र
गृह विज्ञान
कक्षा–10

समयः 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांकः 70

सामान्य निर्देशः (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्न पत्र में बहुविकल्पीय, अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय चार प्रकार के प्रश्न हैं। उनके उत्तर हेतु निर्देश प्रत्येक प्रश्न के पहले दिए है।

निर्देश– प्रश्न संख्या 1 तथा 2 बहुविकल्पीय है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के चार–चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए है। उनमें से सही विकल्प चुन कर उन्हें क्रमवार अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

(i) आय–व्यय में सन्तुलन हेतु निम्नलिखित में से कौन–सा साधन उपयुक्त होगा–
(क) वार्षिक बजट (ख) मासिक बजट 1
(ग) साप्ताहिक बजट (घ) दैनिक बजट

(ii) फूलों को अधिक समय तक ताजा बनाए रखने के लिए फूलदान के पानी में क्या डालना चाहिए–
(क) सोडा (ख) नमक 1
(ग) साबुन (घ) दूध

(iii) लम्बाई नापने की इकाई है–
(क) सेण्टीमीटर, मीटर (ख) ग्राम, किलोग्राम 1
(ग) लीटर, मिलीलीटर (घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) जल का रसायनिक सूत्र है–
(क) $H_2 O_2$ (ख) $H_2 O$ 1
(ग) $HO_2$ (घ) HO

2 (i) ऑक्सीजन द्वारा रक्त का शुद्धीकरण कहाँ होता है–
(क) यकृत में (ख) फेफड़े में 1
(ग) वृक्क में (घ) हृदय में

(ii) मनुष्य के शरीर में कितनी पसलियाँ होती है–?
(क) 32 (ख) 12 1
(ग) 24 (घ) 28

(iii) गोंद का प्रयोग कलफ के रूप में होता है–
(क) ऊनी वस्त्रों में (ख) सूती वस्त्रों में 1
(ग) रेशमी वस्त्रों में (घ) रंगीन वस्त्रों में

(iv) बी.सी.जी. का टीका किस रोग की रोकथाम के लिए लगाया जाता है–
(क) कर्णफेर (ख) तपेदिक 1
(ग) पोलियो (घ) पीलिया

निर्देश–प्रश्न संख्या 3 और 4 अति लघु उत्तरीय है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर अधिकतम् 25 शब्दों में लिखिए।

3(क) घर में जल शुद्ध करने के दो उपाय लिखिए। 2
(ख) बचत के चार उद्देश्य लिखिए। 2
(ग) 5% वार्षिक ब्याज की दर से 2500 रूपये का तीन वर्ष का साधारण ब्याज कितना होगा? 2
(घ) रसोईघर की सफाई करना क्यों आवश्यक है? 2
(ड़) रोग प्रतिरक्षा से आप क्या समझते हैं? 2

4(क) सूती वस्त्रों को धोने के बाद उन पर की जाने वाली दो प्रक्रियाओं के बार में लिखिए। 2

(ख) प्रेशर कुकर में भोजन जल्दी क्यों पकता है? 2

(ग) मानव शरीर में अचल सन्धि कहाँ–कहाँ पाई जाती है? 2

(घ) किन अस्थियों के टूटने पर खपच्चियों का प्रयोग नहीं किया जाता है? 2

(ड) कृत्रिम श्वसन क्रिया से क्या आशय है। 2

निर्देश– प्रश्न संख्या 5 से 7 तक लघु उत्तरीय है। इनके प्रत्येक खण्ड का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए।

5 (क) चिनकगुनिया के कारण व लक्षण लिखिए। 2+2

अथवा

तेल और चाय का दाग छुडाने की विधियॉ लिखिए। 4

(ख) स्पंज करते समय क्या सावधनियॉ रखनी चाहिए ? 4

अथवा

मतव्ययिता का क्या महत्व है ? 4

6 (क) नाक से साँस लेने के मुख्य लाभ स्पष्ट कीजिए।

अथवा

रासायनिक पदार्थों से धब्बा छुड़ाते समय कौन–कौन सी सावधानी बरतनी चाहिए। 4

(ख) सिलाई किट किसे कहते है? सिलाई किट से क्या लाभ है? 4

अथवा

पर्यावरण प्रदूषण का जनसंख्या पर क्या प्रभाव पड़ता है? 4

7(क) हड्डी की टूट व मोच में क्या अन्तर है? 4

अथवा

बैंक में रूपया जमा करने से क्या लाभ है? 4

(ख) आदर्श कुएं की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

अथवा

घर की सफाई के आधुनिक उपकरण कौन–कौन से है? 4

निर्देश– प्रश्न संख्या 8 से 10 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रश्न संख्या 8 व 9 में विकल्प दिए गए है। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक ही विकल्प का उत्तर लिखना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए।

8. पारिवारिक बचत से आप क्या समझती है? किन साधनों द्वारा बचत को सुरक्षित रखा जा सकता है? 6

अथवा

श्वसन तन्त्र का नामांकित चित्र बनाते हुए श्वसन क्रिया का महत्व बताइयें। 6

9. अशुद्ध जल से फैलने वाले कौन से रोग है? किसी एक रोग के कारण लक्षण एवं बचने के उपाये लिखिए। 6

अथवा

भोजन पकाने की कौन–कौन सी विधियाँ है? भोजन पकाते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए 6

10. मानव शरीर में कंकाल तन्त्र का क्या महत्व है? 6

# प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र
## गृह विज्ञान
## कक्षा–10

समयः 3 घण्टे 15 मिनट　　　　　　　　　　　　　　　　　पूर्णांकः 70

सामान्य निर्देशः (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्न–पत्र में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय और दीर्घ उत्तरीय चार प्रकार के प्रश्न है। उनके उत्तर हेतु निर्देश प्रत्येक प्रश्न के पहले दिए है।

निर्देश– प्रश्न संख्या 1 तथा 2 बहुविकल्पीय हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक के चार–चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं। उनमें से सही विकल्प चुन कर उन्हें क्रमवार अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

(i) किस चेक में बाँए कोने पर दो समान्तर रेखाएँ खींच दी जाती है– 1
(क) वाहक चेक　　(ख) क्रॉस चेक
(ग) यात्री चेक　　(घ) उपहार चेक

(ii) पोटैशियम परमैंग्नेट का प्रयोग पानी शुद्धीकरण के लिए कहाँ किया जाता है?
(क) समुद्र में　　(ख) नदी में　　1
ग) बरसात के पानी में　　(घ) कुएँ में

(iii) विश्व पर्यावरण दिवस किस दिन मनाया जाता है?
(क) 1 जून　　(ख) 5 जून　　1
ग) 12 जून　　(घ) 18 जून

(iv) ए.टी.एस. अथवा टिटबैक का इंजेक्शन किस रोग से बचाव के लिए दिया जाता है–
(क) टिटनेस　　(ख) डिफ्थीरिया　　1
ग) हैजा　　(घ) तपेदिक

2(i) शरीर के निर्माण एवं वृद्धि में सहायक है–
(क) विटामिन　　(ख) वसा　　1
ग) प्रोटीन　　(घ) कार्बोहाइड्रेट

(ii) खूँटी सन्धि पाई जाती है–
(क) कन्धे में　　(ख) घुटने में　　1
ग) खोपड़ी में　　(घ) कोहनी में

(iii) गर्म सेंक कब दी जाती है?
(क) तीव्र दर्द में　　(ख) तेज ज्वर में　　1
ग) स्पंज करते समय　　(घ) इनमें से कोई नहीं

(iv) यदि एक दर्जन पेन का मूल्य रू0 60 है तो एक पेन का मूल्य क्या होगा?
(क) रू 5.00　　(ख) रू 4.00　　1
ग) रू. 6.00　　(घ) रू 7.00

प्रश्न संख्या 3 और 4 अति लघु उत्तरीय हैं। प्रत्येक खण्ड का उत्तर अधिकतम् 25 शब्दों में लिखिए।

3.(क) किन्ही दो संक्रामक रोगों के नाम तथा फैलने का कारण लिखिए। 2
(ख) वायु प्रदूषण के निवारण के दो उपाय लिखिए। 2
(ग) पारिवारिक बजट से क्या लाभ है? 2
(घ) रसोईघर में श्रम व समय की बचतके लिए किन उपकरणों का प्रयोग होता है? 2
(ड़) रोगी का स्पंज करने का क्या प्रयोजन होता है? 2

4.(क) व्यायाम से श्वसन क्रिया पर क्या प्रभाव पड़ता है? 2

(ख) बाहु में पाई जाने वाली अस्थियों के नाम लिखिए। 2

(ग) रोग की अवस्था में दिए जाने वाले आहार को क्या कहते है? 2

(घ) गृह को सुसज्जित करने के क्या साधन है? 2

(ड़) गृहणियों के लिए गृह गणित का क्या महत्व है? 2

निर्देश– प्रश्न संख्या 5 से 7 तक लघु उत्तरीय हैं। इनके प्रत्येक खण्ड का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए।

5(क) वृक्षारोपण क्यों आवश्यक होता है? 4

अथवा

निःसंक्रमण से आप क्या समझती है? 4

(ख) निर्जलीकरण क्या है? इसके कारण लिखिए।

अथवा

तरल आहार से क्या तात्पर्य है? सब्जियों का सूप बनाने की विधि लिखिए। 4

6(क) जल मानव शरीर के लिए क्यों उपयोगी है? 4

अथवा

तांबे व स्टील के बर्तनों की सफाई आप किस प्रकार करेंगी? 4

(ख) बजट की प्रमुख मद कौन–कौन सी होती है? 4

अथवा

राष्ट्रीय बचत पत्र से आप क्या समझती है? 4

7(क) शीला की प्रतिमाह आय 6000.00 रूपये है, जिसमें से वह 90 प्रतिशत गृह व्यवस्था में व्यय करती है तथा शेष बचत करती है। वह आय में से कुल कितना व्यय और बचत करती है? 4

अथवा

जल की अशुद्धियाँ कैसे दूर की जा सकती है? अशुद्ध जल का स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है? 4

(ख) पर्यावरण प्रदूषण से क्या तात्पर्य है? प्रदूषण के किन्हीं दो प्रकारों के कारण एवं नियन्त्रण के उपाय लिखिए।

अथवा 4

सिलाई के लिए कपड़ा काटते समय आप किन–किन बातों का ध्यान रखेंगी। 4

निर्देश– प्रश्न संख्या 8 से 10 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 8 व 9 में विकल्प दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक ही विकल्प का उत्तर लिखना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए।

8. प्राकृतिक एवं कृत्रिम श्वसन से आप क्या समझती है?कृत्रिम श्वसन की किसी एक विधि का वर्णन कीजिए। 6

अथवा

घायल के स्थानान्तरण से आप क्या समझती है? स्थानान्तरण की विभिन्न विधियों के बारे में लिखिए। 6

9. अस्थि सन्धि किसे कहते है? हमारे शरीर में कितने प्रकार की अस्थि सन्धि पाई जाती है? 6

अथवा

एक वयस्क पुरूष के लिए पायजामा का नाप लिखकर काटने की विधि चित्र द्वारा समझाइये। 6

10. रोग प्रतिरक्षा से आप क्या समझती है? यह कितने प्रकार होती है? इस क्षमता को किस प्रकार बढ़ाया जा सकता है? 6